यालय उपखण्ड अधिकारी,नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

ना–पत्र संख्या :–256 / 2023 दायर दिनांक: 06.10.2023

CMS NO:- 2023/408 पीठासीन अधिकारी :– श्रीमती प्रीति मीणा

1. कस्तुरी बाई पत्नी स्व. प्रभू जाति मीणा नि. खान की झोपडिया, मजरा दुगारी।
2. कालूलाल आ0 स्व. प्रभू जाति मीणा नि0 खान की झोपडिया मजरा दुगारी।

प्रार्थीगण

बनाम

श्रीमान भूमिधारी तहसीलदार साहब नैनवॉ जिला बून्दी

अप्रार्थी

<u>प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 111, 128 एल आर एक्ट</u>

उपस्थितिः–

प्रार्थीया की ओर से अभिभाषक श्री देवेन्द्र कुमार जैन।

निर्णय दिनांक 16.05.2025

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम कुम्हारियागांव प0म0 दुगारी मे प्रार्थीगण के सहखातेदारी हक अधिकार आधिपत्य कब्जे काश्त की कृषि भूमि खसरा नम्बर 2933 रकबा 0.2023 हैक्टयर स्थित है जिस पर प्रार्थीगण ही निरन्तर कब्जा काश्त करके उपयोग उपभोग करते चले आ रहे है।

यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 मे वर्णित भूमि के पडौसी खेत वाले की बाउण्ड्री सीमा को लेकर विवाद करने पर आमादा हो रहे है। प्रार्थीगण ने कई मर्तबा लिखित व मौखिक रूप से अप्रार्थी संख्या 1 से सीमाज्ञान कर पत्थगढी करवाने बाबत् निवेदन किया है जिसके उपरान्त भी सीमाज्ञान नही की गयी जो प्रार्थना पत्र हेतु वाद कारण है। विवाद को स्थायी रूप से सुलझाने के लिए प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में नकल जमाबन्दी, नक्शा ट्रेस की प्रति आदि पेश कर धारा 111, 128 एलआर एक्ट के अन्तर्गत प्रार्थना पत्र पेश पत्थरगढी करवाये जाने का निवेदन किया।

प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को तलब किया गया। प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा शीघ्र सुनवाई के प्रार्थना पत्र पर पत्रावली तलब की गयी। प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 मे वर्णित भूमि खसरा नम्बर 2933 रकबा 0.2023 हैक्टयर भूमि का पत्थगढी करवाये जाने का निवेदन किया। हमने प्रार्थना पत्र का अवलोकन किया तथा पाया कि अप्रार्थी संख्या 1 जो बावजूद सूचना के ना तो उपस्थित हुआ और ना ही अपना जवाब / रिपोर्ट पेश की। साथ ही प्रार्थना पत्र के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि प्रार्थीगण की सहखातेदारी भूमि का प्रार्थीगण द्वारा पूर्व मे तहसील कार्यालय नैनवॉ से सीमाज्ञान करवाने का निवेदन किया गया लेकिन सीमाज्ञान नही किया गया। अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नैनवॉ को आदेशित किया जाता हैं कि ग्राम कुम्हारियागांव प0म0 दुगारी मे प्रार्थीगण के सहखातेदारी हक अधिकार आधिपत्य कब्जे काश्त की कृषि भूमि खसरा नम्बर 2933 रकबा 0.2023 हैक्टयर पर यदि प्रार्थीगण का कब्जा पाया जाता है तो नायब तहसीलदार अथवा भू–अभिलेख निरीक्षक स्तर के अधिकारी की टीम गठित कर व आवश्यक हो तो पुलिस इमदाद प्राप्त कर नियमानुसार शुल्क राजकोष में जमा होने पर पत्थरगढी किये जाने के आदेश दिये जाते है।

निर्णय आज दिनांक 16.05.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवाँ